हरिभूमि
# जांजगीर-चांपा भूमि
बिलासपुर, मंगलवार, 30 अप्रैल 2024
अकलतरा | बलौदा | नवागढ़ | पामगढ़ | मालखरौदा | जैजैपुर | डभरा | सक्ती

तापमान
अधिकतम 42.0 डिग्री
न्यूनतम 28. 0 डिग्री

4 ट्रेनिंग पूरी, शांतिपूर्ण ढंग से निर्विघ्न और निष्पक्ष संपन्न कराएं मतदान



बवासीर का आधुनिक इलाज
अत्याधुनिक लेजर मशीन द्वारा
भर्ती की आवश्यकता नहीं
मरीज सुबह आकर शाम को घर जा सकता है
स्व. डॉ. सत्यप्रकाश गुप्ता मेमोरियल हॉस्पिटल
लायंस चौक, चाम्पा
गुप्ता हॉस्पिटल
डॉ. शुभम् गुप्ता
गुदा रोग विशेषज्ञ
संपर्क करें :- 7400009183

# सुविधा केन्द्र में शुरू हुआ मतदान, पहले दिन 78 अधिकारी कर्मचारियों ने किया मताधिकार का प्रयोग

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

लोकसभा सामान्य निर्वाचन कार्य में तैनात सभी कर्मचारियों, अधिकारियों एवं अनुपस्थित-अनिवार्य सेवा के निर्वाचक के लिए डाक मतपत्र के माध्यम से मतदान करने सुविधा केन्द्र स्थापित किया गया है। जहां डाक मतपत्र से मतदान करने के पहले दिन 78 कर्मचारी कर्मचारियों ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। यह प्रक्रिया 3 मई तक चलेगी। हालांकि इसके बाद छूटे हुए मतदाता रिटर्निंग आफिसर के यहां 6 मई तक मताधिकार का प्रयोग कर सकते है।

जिले के अंतर्गत आने वाले विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र 33 अकलतरा, 34 जांजगीर-चाम्पा, 38 पामगढ़ (अजा) 35 सक्ती (आंशिक), 37 जैजैपुर (आंशिक) में सुरक्षा बल, कोटवार एवं अन्य जिले के अधिकारी, कर्मचारी के लिए डाकमत पत्र सुविधा केंद्र की स्थापना नवीन ऑडिटोरियम भवन जिला पंचायत के बाजू में जांजगीर में किया गया है। डाक मतपत्र नोडल अधिकारी एवं उप संचालक सांख्यिकी

### आडिटोरियम भवन में बनाई गई है नवीन व्यवस्था




श्रीमती पायल पांडेय ने बताया कि डाक मत पत्र सुविधा केंद्र में पहले दिन 78 अधिकारी, कर्मचारी ने डाक मतपत्र के माध्यम से मतदान किया है एवं 7 ईटीपीबीएस के माध्यम से मत पत्र प्राप्त हुए। सोमवार 29 अप्रैल को पुलिस विभाग के जवानों ने अपने मताधिकार का उपयोग करने पहुंचे और उन्होंने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। सुविधा केन्द्र में मतदान करने वाले कर्मचारियों ने इस व्यवस्था की सराहना की।

### 29 अप्रैल से 06 मई तक कर सकतें है मतदान

इसी प्रकार सुरक्षा बल, कोटवार एवं अन्य जिले के अधिकारी, कर्मचारी के लिए 29 अप्रैल से 3 मई प्रातः 9 बजे से शाम 5 बजे तक नवीन ऑडिटोरियम भवन जिला पंचायत के बाजू में जांजगीर, जिले के मतदान कर्मी 29 अप्रैल से 30 अप्रैल तक प्रातः 9 बजे से शाम 5 बजे तक स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम विद्यालय क्रमांक 01 जांजगीर, अनिवार्य सेवा के मतदाता कर्मचारियों पोस्टल वोटिंग सेंटर, रिटर्निंग अधिकारी कार्यालय जांजगीर में 1 मई से 3 मई तक प्रातः 9 बजे से शाम 5 बजे तक एवं जिले के छुटे हुए अन्य मतदाता 4 मई से 6 मई तक प्रातः 10 बजे से शाम 5.30 बजे तक पोस्टल वोटिंग सेंटर, रिटर्निंग अधिकारी कार्यालय जांजगीर में डाक मतपत्र के माध्यम से मतदान कर सकते हैं।

## खबर संक्षेप

### प्रथम लेखा परीक्षण में अनुपस्थित चार अभ्यर्थियों को नोटिस

**जांजगीर-चांपा।** लोकसभा निर्वाचन अंतर्गत अभ्यर्थियों के द्वारा संधारित व्यय रजिस्टर का निरीक्षण निर्धारित तिथि अनुरूप किया जा रहा है। प्रथम लेखा मिलान, व्यय पंजी निरीक्षण 26 अप्रैल को किया गया। लेखा अधिकारी जिला पंचायत विजय कुमार पांडेय ने बताया कि जिसमें 4 अभ्यर्थीगण लेखा परीक्षण हेतु उपस्थित नहीं हुए। उपस्थित नहीं होने वाले अभ्यर्थियों में गोपाल प्रसाद खुटें-भारतीय शक्ति चेतना पार्टी, विजय कुमार कुर्रे-राष्ट्रीय जनसभा पार्टी, श्री आनंद गिलहरे-निर्दलीय एवं श्रीमती विद्यादेवी सोनी-निर्दलीय है। जिन्हे नियमानुसार रिटर्निंग ऑफिसर द्वारा दस्तावेज निरीक्षण हेतु 2 दिवस का समय, व्यय अनुवीक्षण कक्ष, जिला पंचायत जांजगीर-चाम्पा में उपस्थित होने हेतु नोटिस दिया गया है। अभ्यर्थियों द्वारा प्रस्तुत व्यय लेखा के मिलान हेतु द्वितीय लेखा मिलान, व्यय पंजी निरीक्षण 30 अप्रैल एवं तृतीय लेखा मिलान व व्यय पंजी निरीक्षण 4 मई हैं। उक्त तिथियों में निरीक्षण का समय सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक, स्थान जिला पंचायत सभाकक्ष में स्थापित व्यय अनुवीक्षण कक्ष में किया जावेगा। उक्त संबंध में व्यय प्रेक्षक द्वारा अभ्यर्थियों को व्यय लेखा संबंधी विवरण की प्रविष्टी सुविधाजनक तथा कार्य सूचारू रूप से संचालित हो इस हेतु सहायक व्यय प्रेक्षकों एवं लेखा दल को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए जा रहे हैं।

### ध्वनि विस्तारक यंत्रों का उपयोग पर लगाया गया प्रतिबंध

**जांजगीर-चांपा।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्वाचन की घोषणा किये जाने से आचार संहिता प्रभावशील है। कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी ने आकाश छिकारा ने कोलाहल नियंत्रण अधिनियम 1985 की धारा 4 के तहत रात्रि 10 से प्रातः 6 बजे तक ध्वनि विस्तारक यंत्रों का चलाया जाना अथवा चलवाया जाना पूर्ण रूप से निषिद्ध किया है। यह आदेश तत्काल प्रभावशील होगा तथा निर्वाचन की समाप्ति तक प्रभावशील रहेगा। लिखित अनुमति प्राप्त करने के उपरांत ही ध्वनि विस्तारक यंत्र का उपयोग प्रातः 6 बजे से रात्रि 10 बजे तक की अवधि में किया जा सकता है।

### शासकीय जमीन पर बेजाकब्जा, कलेक्टर से लगाई फरियाद

**जांजगीर-चांपा।** ग्राम खोखरा के प्राथमिक स्कूल के पास शासकीय जमीन पर बेजाकब्जा करने का मामला सामने आया है। इस बात की शिकायत ग्रामीणों ने कलेक्टर से करते हुए कार्रवाई की मांग की है। ज्ञात हो कि सिटी कोतवाली जांजगीर से लगे ग्राम पंचायत खोखरा के प्रामयरी स्कूल टू लेन सड़क से लगे हुए शासकीय जमीन पर गांव के कुछ लोगों द्वारा अवैध रूप से बेजाकब्जा कर लिया गया है। जिसके चलते बरसात का पानी खैया तालाब में चला जाता है। वहीं निस्तारी कार्य भी इससे प्रभावित होता है। ऐसे में ग्रामवासियों को काफी परेशानियां उठानी पड़ती है। इससे परेशान होकर ग्रामीणों ने इस बात की शिकायत कलेक्टर के माध्यम से करतेहुए संबंधितों पर कार्रवाई की मांग की है। कार्रवाई की प्रतिलिपि ग्रामीणों द्वारा मुख्यमंत्री, कमिश्नर बिलासपुर, प्रभारी मंत्री जांजगीर चांपा, पुलिस अधीक्षक, जांजगीर एसडीएम, तहसीलदार, थाना प्रभारी से करते हुए संबंधितों पर कार्रवाई की मांग की है। ताकि शासकीय जमीन को बेजाकब्जा से मुक्त कराया जा सके।

### आसमान पर रोज गड़गड़ा रहे उड़नखटोला, लगातार बड़े नेताओं की सभाएं

# लोकसभा चुनाव : प्रचार में सप्ताह भर शेष, प्रत्याशियों ने झोंकी पूरी ताकत

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

लोकसभा चुनाव के तीसरे चरण में 7 मई को मतदान होना है। ऐसे में प्रचार प्रसार के लिए बमुश्किल सप्ताह भर का समय शेष रह गया है। इसको लेकर भाजपा और कांग्रेस प्रमुख दलों ने अपनी पूरी ताकत झोंक दी है। बड़े नेताओं के कार्यक्रम को लेकर आसमान पर रोज उड़नखटोले की गड़गड़ाहट सुनाई पड़ती है तो वहीं प्रत्याशी और स्थानीय नेता गांव गलियों की खाक छानते फिर रहे है।

गौरतलब है कि जांजगीर लोकसभा क्षेत्र के अंतर्गत 8 विधान सभा क्षेत्र शामिल है। जिनमें जांजगीर चाम्पा जिले के जांजगीर चाम्पा, अकलतरा एंव पामगढ विधानसभा शामिल है। सक्ती जिले के सक्ती, चंद्रपुर एंव जैजैपुर विधान सभा, बलौदा बाजार जिले के कसडोल एवं सारंगढ बिलाईगढ जिले के बिलाईगढ विधान सभा सीट जांजगीर लोकसभा क्षेत्र के अंतर्गत आता है। तीसरे चरण के तहत मंगलवार 7 मई को मतदान होना है। वही मतदान के पूर्व चुनाव प्रचार प्रसार के कार्य में महज सप्ताह भर का समय रह गया है। मतदान होने के 48 घंटे पूर्व चुनाव प्रचार प्रसार का कार्य भी थम जाता है। ऐसे में लोकसभा का चुनाव जीतने के लिए नेताओ ने पूरी ताकत झोंक दी है। देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सक्ती में बड़ी सभा हुई। तो इसके बाद लोकसभा क्षेत्र के अकलतरा, कसडोल विधानसभा क्षेत्र में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की सभाएं हुई है। इधर कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे मंगलवार 30 अप्रैल को चांपा आ रहे है। वे यहां बड़ी जनसभा को संबोधित करेंगे, तो उधर पामगढ़ विधानसभा क्षेत्र के शिवरीनारायण में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय भाजपा प्रत्याशी के लिए सभा लेंगे। ही मतदान के पूर्व चुनाव प्रचार प्रसार के कार्य में महज' सप्ताह भर का समय रह गया है। मतदान होने के 48 घंटे पूर्व चुनाव प्रचार प्रसार का कार्य भी थम जाता है। इसके अलावा लोकसभा क्षेत्र के साथ संभाग और प्रदेश के नेताओं की गाडियां रोज खुल रही है। प्रत्याशी भी अपने समर्थकों के साथ शहर से लेकर गांव गलियों की खाक छानते फिर रहे है। इधर अन्य दलों के प्रत्याशियों सहित निर्दलीय उम्मीदवार भी अपने स्तर पर जनसभा व जनसंपर्क कर मतदाताओं से मिल रहे है। कुल मिलाकर 40 डिग्री सेल्सियस से अधिक तापमान पर जहां लोगों का घर से निकलना मुश्किल हो गया है। ऐसे समय में चुनावी समर में उतरे प्रत्याशियों के साथ उनके समर्थक गांव गलियां की खाक छानते फिर रहे है।



चांपा में कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे की सभा के लिए तैयार पंडाल।

### राष्ट्रीय कांग्रेस अध्यक्ष खड़गे की सभा आज

चांपा। ऑल इंडिया कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे की आम सभा चांपा के भालेराव मैदान में 30 अप्रैल मंगलवार को दोपहर 1 बजे होगी। इस संबंध में जिला कांग्रेस प्रवक्ता पार्षद नागेंद्र गुप्ता ने बताया कि राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे विशेष विमान से कोटाडबरी मंडी प्रांगण के हेलीपैड में आगमन होगा। वहां से वे सभा स्थल भालेराव मैदान कार से आएंगे और महती आम सभा को संबोधित करेंगे। राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री खड़गे का जिले में उनका दूसरा प्रवास है। इसके पूर्व विधानसभा चुनाव के पहले जांजगीर के खोखरा भाटा में आयोजित भरोसे का सम्मेलन कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर शिरकत की थी। जांजगीर चांपा लोकसभा की सभी आठ विधानसभा सीट पर कांग्रेस की जीत हुई थी अनुसूचित जाति के लिए प्रदेश में आरक्षित एक मात्र सीट जांजगीर चांपा लोकसभा है, इसे ध्यान में रखते हुए कांग्रेस ने मल्लिकार्जुन खड़गे की सभा आयोजित की है।

### सीएम की आमसभा शिवरीनारायण में आज

लोकसभा चुनाव के प्रचार को लेकर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय मंगलवार 30 अप्रैल को पामगढ़ विधानसभा क्षेत्र के शिवरीनारायण में आयोजित जनसभा में शामिल होंगे। उल्लेखनीय है कि देश भर में हो रहे लोकसभा चुनाव के तीसरे और अंतिम चरण में 7 मई को जांजगीर चांपा लोकसभा सीट पर मतदान होना है। इसको लेकर प्रचार प्रसार तेज हो गया है। पिछले दिनों प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का सक्ती में कार्यक्रम आयोजित किया गया था, तो वहीं मुख्यमंत्री तीन दिनों तक जांजगीर चांपा लोकसभा के अलग अलग क्षेत्र में सभाएं लेंगे। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के आगमन को लेकर क्षेत्र के आमजन व कार्यकर्ताओ मे उत्साह का माहौल है। कार्यक्रम को लेकर पार्टी के नेताओ ने जनसभा के लिए उच्च स्तरीय तैयारी शुरू कर सभी प्रभारियो को अलग अलग जवाबदारी दे दी है।

# 1 लाख से अधिक के गांजा के साथ 2 आरोपी गिरफ्तार

### बस स्टैण्ड जांजगीर के पास कर रहे थे ग्राहक की तलाश

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

10 किलोग्राम गांजा के साथ दो आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। जब्त गांजे की कीमत 1 लाख 7 हजार रुपए बताई जा रही है। मामला सिटी कोतवाली जांजगीर का है।

इस संबंध में जांजगीर पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार सोमवार 29 अप्रैल को जांजगीर पुलिस को सूचना मिली कि 2 व्यक्ति नया बस स्टैंड जांजगीर से अवैध के पास मादक पदार्थ गांजा लेकर बिक्री हेतु ग्राहक ढूंढ रहे है। सूचना के आधार पर विवेक शुक्ला पुलिस अधीक्षक जांजगीर के निर्देशन में तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राजेंद्र कुमार जायसवाल के मार्गदर्शन में आरपीएफ टीम को सूचना देकर संयुक्त टीम के साथ रेड कार्यवाही किए। घटना स्थल नया बस स्टैंड जांजगीर में दो व्यक्ति मिले, जिन्हें पकड़ कर पुछताछ करने पर मुन्ना कुमार कहार निवासी बिहार एवं गोविंद यादव निवासी उत्तर प्रदेश का होना बताये जिनके पास से दो बैग के अंदर 10 किलो 605 ग्राम मादक पदार्थ गांजा मिला जिसको गवाहों के समक्ष बरामद किया जाकर आरोपियों के विरुध्द अपराध धारा सदर का सबुत पायें जाने से गिरफ्तार कर 29 अप्रैल को न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया है।



जब्त गांजा के साथ आरोपी।

उपरोक्त कार्यवाही में निरी प्रवीण कुमार द्विवेदी थाना प्रभारी जांजगीर एवं सहायक उप निरीक्षक बलवंत धृत लहरे प्रधान आरक्षक राजकुमार चंद्रा, आरक्षक वीरेंद्र भैना, आरपीएफ से उप निरीक्षक बसंत कुमार हरवंस, सहायक उप निरीक्षक अमरेंद्र सिंह, प्रधान आरक्षक समलेश सिंह, एस एस यादव का सराहनीय योगदान रहा।

### 10 लीटर कच्ची महुआ शराब के साथ एक आरोपी गिरफ्तार

**बाराद्वार।** अवैध रूप से शराब कब्जे में रखने वाले एक आरोपी को 10 लीटर कच्ची महुआ के साथ थाना बाराद्वार पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। मामला बाराद्वार थाना अंतर्गत ग्राम बिजराभांठा का है। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार 29 अप्रैल को थाने मे मुखबीर से सूचना मिला कि बिजराभांठा डुमरपारा निवासी बेद राम खैरवार भारी मात्रा में कच्ची महुआ शराब बिक्री हेतु रखा है और ग्राहक का इंतजार कर रहा है। सूचना पर मौके पर पहुंचकर घेराबंदी कर बेदराम खैरवार से 05 लीटर क्षमता वाली पीले रंग की दो प्लास्टिक जरिकेन में 5-5 लीटर हांथ भट्ठी से बनी कच्ची महुआ शराब कुल 10 लीटर किमती 1 हजार रूपये गवाहों के समक्ष जप्त किए। आरोपी के खिलाफ थाना बाराद्वार में धारा 34 (2) आबकारी अधिनियम के तहत अपराध पंजीबद्ध कर आरोपी को माननीय न्यायालय प्रस्तुत किया गया, जहां से आरोपी को न्यायिक रिमांड पर सक्ती जेल दाखिल किया गया है।

## सामान्य प्रेक्षक ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से माइक्रो आब्जर्वर ली बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

- लोकसभा चुनाव को लेकर अधिकारी कर रहे मानिटरिंग

भारत निर्वाचन आयोग द्वारा नियुक्त सामान्य प्रेक्षक सौरभ स्वामी ने वीडियो का वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र जांजगीर-चांपा के माइक्रो आब्जर्वर की बैठक ली। सामान्य प्रेक्षक ने माइक्रो आब्जर्वर के कार्यों को अत्यंत महत्वपूर्ण बताते हुए जिले में स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण लोकसभा निर्वाचन के लिए पूरी सावधानी एवं सतर्कता के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करने को कहा।

सामान्य प्रेक्षक ने कहा कि मतदान दिवस को मतदान स्थल पर तैयारी, पीठासीन अधिकारी एवं अन्य मतदान अधिकारियों के कार्य, व्हीव्हीपेट में मॉकपोल कराने की कार्यवाही के पश्चात सीआरसी, सीलिंग की कार्यवाही आदि के संबंध में निगरानी करने तथा किसी प्रकार की त्रुटि व कमी पाए जाने पर संबंधित अधिकारी को तत्काल जानकारी देने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मतदान स्थलों के सभी प्रक्रियाओं पर माइक्रो ऑब्जर्वर्स कड़ी नजर रखेंगे तथा सामान्य प्रेक्षक को मतदान से संबंधित फीडबैक, पोलिंग बूथ में रैम्प, पानी, विद्युत व्यवस्था, शौचालय आदि की उपलब्धता की जानकारी भी देंगे। उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती निशा नेताम मड़ावी सहित सभी संबंधित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

### मतदान दलों के तृतीय चरण प्रशिक्षण में पहुंचे अधिकारियों ने दलों को करवाने किया प्रोत्साहित

**जांजगीर-चांपा।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी आकाश छिकारा के निर्देशानुसार लोकसभा निर्वाचन के तहत आज विधानसभा क्षेत्र 33 अकलतरा के लिए जय भारत अंग्रेजी माध्यम विद्यालय जांजगीर, केन्द्रीय विद्यालय जांजगीर में आयोजित मतदान दलों के तृतीय चरण प्रशिक्षण कार्यक्रम में जिला स्तरीय विभिन्न अधिकारियों ने मतदान दलों के अधिकारियों-कर्मचारियों को अच्छे ढंग से सुचारू मतदान करवाने के लिए प्रोत्साहित किया। मतदान दलों में शामिल अधिकारी-कर्मचारियों से रूबरू होकर कहा कि पोलिंग ड्यूटी के अनुरूप स्ट्रांग रूम में निर्धारित दिवस एवं समय पर उपस्थित होकर ईव्हीएम तथा मतदान सामग्री प्राप्त कर रवाना होंगे।

# नेत्रहीन युवती से अनाचार आरोपी को 20 वर्ष की कैद

हरिभूमि न्यूज ⏭ सक्ती

**खास बात**
- फास्ट ट्रैक कोर्ट के विशेष न्यायाधीश प्रशांत कुमार शिवहरे ने सुनाया फैसला

दिव्यांग युवती के साथ बलात्कार एवं जबर्दस्ती गर्भपात कराने के मामले में अभियुक्तगणो के विरुद्ध आरोपित अपराध दोष सिद्ध पाए जाने पर अभियुक्त एवं उसकी मां महिला आरोपियॉ को 20 एवं 10 वर्ष के सश्रम कारावास की सजा एवं अर्थदंड से दंडित करने का निर्णय पारित किया है।

विशेष लोक अभियोजक राकेश महंत ने बताया कि दोनों आंखों से दिव्यांग एवं शारीरिक रूप से अशक्त अभियोक्त्री जिसकी माता-पिता की मृत्यु हो चुकी है एवं उसके बड़े भाई कमाने खाने बाहर गया हुआ था तथा वह अपने छोटे भाई के साथ घर में रहती है। उसके छोटे भाई मजदूरी का काम करने प्रतिदिन सुबह घर से निकल जाता था। आरोपी दिव्यांग अभियोक्त्री के पड़ोसी हैं जो उसके घर आना-जाना करता था। उसके साथ कई बार जबरदस्ती अश्लील हरकत करता था। मना करने के बाद भी जबरदस्ती उसके साथ बलात्कार किया। शादी करने की बात को लेकर दिव्यांग युवती के साथ आरोपी ने माह सितंबर 2022 से शारीरिक संबंध बनाता रहा । इस दरमियान अभियोक्त्री 5 माह की गर्भवती हो गई , तब वह अपने पड़ोस के एक लड़के के माध्यम से आरोपी को अपने घर बुलवाया और उसका महीना रुक जाने की जानकारी आरोपी को दिया । आरोपी ने अपनी माता को दिव्यांग युवती की गर्भवती होने की सूचना दिया। मां बेटा मोटरसाइकिल में बिठाकर बम्हनीडीह ले गए और एक नर्स से गर्भपात की दवा खिलाकर उसके गर्भपात करा दिए और बिना इलाज एवं दवा के वापस लाकर उसके घर में छोड़ दिए। कुछ दिन पश्चात दिव्यांग के पेट में दर्द शुरू हुआ तब इसकी जानकारी उसने आरोपी को दिया और शादी करने से इनकार कर दिया। तब वह अपने परिवार के लोगों को इस घटना की जानकारी देकर थाना बाराद्वार में घटना की रिपोर्ट दर्ज कराई। थाना बाराद्वार द्वारा आरोपी के विरुद्ध धारा 376 भारतीय दंड संहिता की अपराध पंजीबद्ध कर आरोपी एवं उसकी मां को गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज कर विवेचना किया गया तथा विवेचना पूर्ण होने पर आरोपी एवं उसकी मां के विरुद्ध भारतीय दंड संहिता की धारा 376 की उप धारा 2(ठ ,ढ) तथा 313/34 के तहत अभियोग पत्र तैयार कर विशेष न्यायालय सक्ती में पेश किया गया ।

### खान एवं खनिज अधिनियम के तहत की गई कार्रवाई

# रेत का अवैध उत्खनन एवं परिवहन, 7 वाहनों को किया गया जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

रेत के अवैध परिवहन उत्खनन एवं भंडारण पर कार्रवाई करते हुए 7 वाहनों को जब्त किया गया है। उक्त कार्रवाई खान एवं खनिज अधिनियम के तहत कार्रवाई की गई है।

ज्ञात हो कि कलेक्टर आकाश छिकारा के निर्देशन में जिला स्तरीय उड़नदस्ता दल खनिज विभाग जांजगीर चांपा के द्वारा जिले के बलौदा, जांजगीर, चांपा क्षेत्र में खनिजो के अवैध उत्खनन, परिवहन तथा भण्डारण करने वाले वाहनो, स्थानो का औचक जॉच किया गया। खनिज अधिकारी हेमंत चेरपा ने बताया कि खनिज उड़नदस्ता दल द्वारा जिले में अवैध परिवहन करने वाले खनिज रेत के 6 प्रकरण, निम्न श्रेणी चूना पत्थर के 1 प्रकरण दर्ज किया गया। इस प्रकार जिले में खनिजो के अवैध परिवहन करने वाले कुल 7 वाहनो को जप्त कर प्रकरण दर्ज किया जाकर खनिज नियमो के अंतर्गत कार्यवाही की जाएगी। उक्त कार्यवाही में खनिज विभाग के उड़नदस्ता दल प्रभारी पी डी जाड़े एवम टीम का सराहनीय योगदान रहा। इसके पूर्व उड़नदस्ता की टीम द्वारा बलौदा क्षेत्र में एक प्रकरण निम्न श्रेणी चूना पत्थर, एक प्रकरण खनिज कोयला के 1 प्रकरण सहित तीन वाहन एवं चैन माउंटेन मशीन को जब्त करने की कार्रवाई की गई है। उक्त कार्रवाई खान एवं खनिज अधिनियम के तहत की जा रही है।





अवैध परिवहन में लगे जब्त वाहन।

## खबर संक्षेप



### वाहनों के आवागमन में होगी सुविधा सड़क का निर्माण कार्य हुआ शुरू

**हरदीबाजार।** 17 करोड़ की लागत से 5 किमी सड़क नव निर्माण के कार्य का भूमिपूजन 24 जनवरी को कटघोरा विधायक प्रेमचंद पटेल व दीपका महाप्रबंधक अमित कुमार सक्सेना दोनों ने किया था। तब महाप्रबंधक ने कहा था कि सड़क अच्छी बनेगी, वहीं कटघोरा विधायक प्रेमचंद पटेल कहा था कि गुणवत्ता में किसी प्रकार का समझौता बर्दाश्त नहीं की जायेगी। वहीं ठेकेदार ने 180 दिन में सड़क बनाने की बात कही थी, जो समय सीमा जुलाई तक पूर्ण कर ली जाएगी। जहां तक सड़क ठेकेदार ने अभी तक कार्य किया है उससे लगता है कि सड़क इस बार मजबूती से बन रही है। मर्ग ने बनने से लोग मजबूरी में 5 किमी दूरी को छोड़ 15 किमी का सफर कर दीपका पहुंचते थे। ऐसे में ठेका कामगारों को, एसईसीएल कर्मचारियों को साथ ही हरदीबाजार महाविद्यालय आने वाले छात्रों को बड़ी समस्या झेलकर आना-जाना होता था। इस गंभीर समस्या को लेकर क्षेत्र के सभी जनप्रतिनिधियों व समाजिक संगठनों ने भी अपनी महती भूमिका निभाई। अमंगाव चौक से दीपका-गेवरा खदान के मध्य तक डामरीकरण का कार्य चल रहा है। सड़क में कोयला लोड़ भारी वाहनों व यात्री बस, चार पहिया वाहन, बाईक सवारों के सुगम अवागमन के लिए दोनों के मध्य डिवाइडर बनना बहुत जरूरी है अन्यथा भविष्य में दुर्घटना होने से इंकार नहीं किया जा सकता। उम्मीद है बारिश से पूर्व सड़क पूरी तरह बन कर तैयार हो जायेगी। जिससे लोगों को इस मार्ग से आने-जाने वाले सुविधा होगी।

### रेलवे स्टेशन के मुख्य द्वार के सामने खड़ी हो रही वाहनें

**कोरबा।** रेलवे स्टेशन के नो-पार्किंग में दो पहिया व चार पहिया वाहन खड़ी हो रही है। गाड़ियां मुख्य द्वार के सामने खड़ी होने से यात्रियों की परेशानी बढ़ गई है। ऑटो व गाड़ियों से स्टेशन के अंदर जाने के लिए जद्दोजहद करनी पड़ रही है। इसके बाद भी इस पर ध्यान नहीं दिया जा रहा है। दरअसल रेलवे स्टेशन में इन दिनों कायाकल्य का काम शुरू हो गया है। ऐसे में गाड़ियों को यात्री के परिजन मुख्य द्वार के सामने खड़ी कर रहे हैं। स्टेशन के छूटने के इंतजार करते रहते हैं। इससे सडक़ भी संकरा हो रहा है। इससे दुर्घटना की आशंका बनी हुई है। यात्रियों को आवाजाही में काफी असुविधा हो रही है।

### एसईसीएल में मनाया गया विश्व कार्यस्थल सुरक्षा एवं स्वास्थ्य दिवस



**कोरबा।** एसईसीएल क्षेत्रीय मुख्यालय कोरबा क्षेत्र में कार्यस्थल पर सुरक्षा व स्वास्थ्य के लिए विश्व दिवस के अवसर पर डॉ.आरके गुप्ता, महाप्रबंधक (संचालन), एसईसी एल कोरबा क्षेत्र द्वारा सुरक्षा ध्वज फहराया गया। इसके उपरांत कोल इंडिया के कोरपोरेट गीत का समवेत स्वर में गायन किया गया एवं कोल इंडिया के चेयरमैन का संदेश को सुनाया गया। इस अवसर पर समस्त अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित हुए। कार्यक्रम के प्रारंभ में सभी कर्मचारियों को सुरक्षा बैज लगाया गया। महाप्रबंधक महोदय ने अपने संबोधन में कहा कि कोल इंडिया में कोयला उत्पादन का कार्य चुनौती पूर्ण है, जहां प्रति दिन शून्य दुर्घटना का लक्ष्य के साथ उत्पादन करते है सुरक्षा के लिए हमेशा सतर्क रहना पड़ता है। आज का उद्देश्य कार्यस्थल पर सुरक्षा व स्वास्थ्य को बढ़ावा देना है जिससे की प्रत्येक कर्मचारी अपने सुरक्षा व स्वास्थ्य के प्रति सजग हो सके। मानिकपुर कोरबा क्षेत्र के कामगारों के द्वारा नुक्कड़ नाटक के द्वारा कामगारों को जागरूक किया गया। इस अवसर पर सभी खानों में सुरक्षा धवज फहराया गया एवम सुरक्षा व स्वास्थ्य के प्रति शपथ ली गई। क्षेत्रीय सुरक्षा अधिकारी इस्माईल कुरेशी द्वारा भी सभा को संबोधित किया गया तथा इसके महत्व पर प्रकाश डाला गया।

### आकाशीय बिजली गिरने से एक व्यक्ति की हुई मौत

**कोरबा।** लेमरू थाना अंतर्गत ग्राम पंचायत सतरंगा क्षेत्र में आकाशीय बिजली गिरने से एक ग्रामीण की मौत हो गई। मृत का नाम मोनू मंझवार पिता चैतराम मंझवार उम्र 16 वर्ष सतरंगा पंडोपारा निवासी है। मृत के परिजनों का कहना है कि वह अपने दोस्तों के साथ सतरंगा डुबान में नहाने गया था। इसी बीच आकाशीय बिजली गिरी और वह झुलस गया। सतरेगा सरपंच ने इसकी सूचना डायल 112 को दी। आरक्षक सुरेंद्रपाल कंवर एवं चालक सत्येंद्र सिंह गेंदले ने उसे जिला अस्पताल भर्ती कराया। जहां परीक्षण उपरांत चिकित्सकों ने युवक को मौत घोषित कर दिया।

### स्नेक कैचर ने पुलिस के आला अधिकारियों को दी थी सूचना

# नरकंकाल मिलने की सूचना, पैदल पहाड़ पर पहुंची पुलिस, निकला बंदर का कंकाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

बिना सोचे समझे यदि पुलिस के अफसर को नरकंकाल मिलने की सूचना दी जाए और जब पुलिस घंटों परेशान होकर पैदल पहाड़ों को भेदकर घटनास्थल

**खास बात**

- बालको थाना क्षेत्र के बेला जंगल का मामला

पहुंचे और कंकाल मानव की नहीं बल्कि बंदर की निकले तो ऐसे में फिर क्या कहें। जिले में कुछ ऐसा ही मामला सामने आया है जहां बालको पुलिस दिनभर परेशान रही और नरकंकाल तो नहीं मिली लेकिन जांच के दौरान बंदर का कंकाल जरूर पाया गया।

मामला बालको जंगल के पहाड़ी की है। बताया जाता है कि एक दिन पहले ही किसी स्नेक कैचर ने पुलिस के आला अफसरों को मोबाइल पर सूचना दी थी कि बेला पहाड़ियों में एक नरकंकाल व चाकू भी मिला है जो मानव का है। ऐसी सूचना पाते ही पुलिस के आला



नरकंकाल खोजते पुलिस कर्मी व अन्य।

अधिकारी भी सकते में आ गए और रविवार को बालको थाना प्रभारी अभिनव कांत, वैज्ञानिक अधिकारी सत्यजीत सिंह सहित पुलिस के अन्य कर्मचारी घंटों पैदल चलकर पहाड़ियों से होते हुए घटनास्थल पहुंचे जब वैज्ञानिक अधिकारी व पुलिस के अफसर ने मामले की बारीकी से जांच की तो वह नरकंकाल नहीं बल्कि बंदर का कंकाल निकला। इस सूचना से पुलिस के अधिकारी घंटों परेशान जरूर हुए लेकिन सूचना देने वाले ऐसे लोगों को सावधान रहना चाहिए कि पहले पूरी तरह से तस्दीक कर लें इसके बाद ही पुलिस के अफसर को सूचना देनी चाहिए अन्यथा पुलिस ऐसे ही कई बार बेवजह परेशान होती है। इस भीषण गर्मी में जहां घंटों पैदल चलकर घटनास्थल पहुंचना पड़े और मामला बेवजह हो तो फिर सूचना देने वाले को घोषणा लाजमी है।

### 50 वर्षीय अधेड़ महिला की मिली लाश



रजगामार चौकी क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पतरापाली निवासी समरिया बाई 50 वर्ष पति सोनराम धनवार की लाश गांव के समीप स्थित महादेव झरिया जंगल में मिली है। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस के अधिकारी व वैज्ञानिक अधिकारी डॉ सत्यजीत सहित आला अधिकारी मौके पर पहुंचे थे। जहां पुलिस के अधिकारियों ने मामले की बारीकी से जांच की है। बताया जाता है कि लाश लगभग 2 से 3 दिन पुरानी है। जिसकी वजह से पुलिसिया जांच में परेशानी आई। पुलिस के अधिकारियों का कहना है कि मृतिका समरिया बाई की मौत कैसे और किन परिस्थितियों में हुई है यह स्पष्ट नहीं हो पाया है। पुलिस पीएम रिपोर्ट का इंतजार कर रही है जिसके बाद ही मौत के वास्तविक कारणों का खुलासा हो पाएगा।

## पति -पत्नी के बीच विवाद, धारदार हथियार से की पत्नी की हत्या



मृत महिला।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

पति-पत्नी के बीच किसी बात को लेकर विवाद हो गया और देखते ही देखते बात इतनी बिगड़ गई कि घर में रखे किसी धारदार हथियार से पति ने अपनी पत्नी पर वार कर दिया जिससे

**खास बात**

- दीपका थाना क्षेत्र के झाबर राजीवनगर में हुई वारदात

उसकी मौके पर ही मौत हो गई। हत्या की सूचना मिलते ही दीपका पुलिस की टीम फौरन मौके पर पहुंची और हत्या की वारदात को अंजाम देने वाले पति को गिरफ्तार कर लिया है।

जानकारी के अनुसार दीपका थाना क्षेत्र अंतर्गत झाबर राजीव नगर निवासी फुल साय भगत रोजी मजदूरी का काम करता है। बताया जाता है कि रविवार की दोपहर 12 से 4 बजे के बीच पति-पत्नी फुल साय और गलोरिया बाई के बीच किसी बात को लेकर विवाद हुआ और विवाद देखते-देखते इतना बढ़ गया कि आक्रोश में आकर फूल साय भगत ने अपनी 40 वर्षीय पत्नी गलोरिया बाई की धारदार हथियार से हमला कर दिया जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। हत्या की सूचना मिलते ही दीपका थाना प्रभारी युवराज तिवारी दलबल सहित मौके पर पहुंचे और फौरन हत्या की वारदात को अंजाम देने वाले फूल साय भगत को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस फिलहाल फूल साय को हिरासत में लेकर कड़ी पूछताछ कर रही कि आखिर उसने अपनी पत्नी की हत्या किसलिए और क्यों की है। सूत्र बताते हैं कि फूल साय की पत्नी विगत दिनों कहीं चली गई थी और उसके वापस आने के बाद उनके मध्य विवाद चला आ रहा था।

# ब्लाक मुख्यालय के बस स्टैंड आइना दिखा रहे औद्योगिक शहर के बस स्टैंड को



कटघोरा बस स्टैंड।



टीपी नगर स्थित नया बस स्टैंड।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

यात्री सुविधाओं के लिए जिले का एकमात्र बस स्टेंड ऐसा है जिसका स्वरुप देखने में किसी बड़े शहर के बस स्टेंड जैसा प्रतीत होता है। कटघोरा

**खास बात**

- कटघोरा बस स्टैंड में यात्रियों को बैठने की बेहतर सुविधा, शहर के बस स्टैंड मे मवेशी मंडराते हैं

बस स्टेंड ऐसा ही एक बस स्टेंड है जो यात्री सुविधाओं की तुलना में शहर के टीपी नगर बस स्टेंड को आईना दिखा रहा है। कटघोरा बस स्टेंड मे जहां यात्रियों के ठहरने के लिए एक अच्छी सुविधा दी गई है वहीं दूसरी ओर ऊर्जाधानी के नए बस स्टेंड में मवेशी मंडराते हैं।

नगर पालिका परिषद कटघोरा जिसकी राजस्व आय नगर पालिक निगम कोरबा की राजस्व आय के सामने कुछ भी नहीं है। एक समय था जब कटघोरा नगर पालिका परिषद के कर्मचारियों को वेतन के लिए मुश्किल का सामना करना पड़ता था। आज नगर पालिका का बस स्टेंड कोरबा नगर निगम के नए बस स्टेंड को सुविधाओं के मामले में आईना दिखा रहा है। कटघोरा बस स्टेंड को जिस तरह से नगर पालिका परिषद ने संवारते हुए यात्रियों के बैठने के लिए सुविधाएं दी है उसकी तुलना में सर्वाधिक राजस्व आय वाले नगर निगम कोरबा का नया बस स्टेंड कहीं नहीं टिकता। यहां यात्रियों के बैठने के लिए सीमेंट के दो तीन फर्स हैं और इतनी ही संख्या में कुर्सियां। स्थिति यह है कि बस स्टेंड भवन के अंदर मवेशी और यात्री एक साथ नजर आते हैं। वहीं कटघोरा स्टेंड भवन के बाहर स्टील की रेलिंग लगी हुई है। जिससे मवेशी प्रवेश नहीं कर पाते। यात्री सुविधाओं को लेकर नए बस स्टेंड को दरकार बनी हुई है। जबकि सर्वाधिक यात्री बसें यहीं से संचालित होते हैं और वह भी जिला मुख्यालय का बस स्टेंड है। जिसे देखने में कस्बाई बस स्टेंड जैसा प्रतीत होता है।

**जनप्रतिनिधियों की उदासीनता**

बस स्टेंड को सर्वसुविधायुक्त बनाने के मामले में जिस तरह की रुचि शहर के जनप्रतिनिधियों को दिखानी चाहिए वैसी नजर नहीं आती। स्थिति यह है कि निगम की सामान्य सभा की बैठक में शहर के चहुंमुखी विकास पर चर्चाएं होती हैं। बजट में प्रस्ताव पारित कर बड़े रकम का प्रस्ताव भी रखा जाता है किंतु उसके बावजूद टीपी नगर नए बस स्टेंड में सुविधाएं नहीं बढ़ी। रैन बसेरा में भी ताला ही नजर आता है।

## हसदेव नदी में पलटी नाव एक की डूबने से मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

आंधी-तूफान की वजह से हसदेव नदी में नाव पलटने से सवार एक युवक की डूबने से मौत हो गई, वहीं दूसरा युवक किसी तरह से तैरकर तट पर पहुंच गया। बालको थाना पुलिस घटना की जांच कर रही है। मामला बालको थाना अंतर्गत बांगो के डूबान इलाके डांगाघाट की है। जहां 32 वर्षीय कृपाल राम गांडा अपने दोस्त के साथ नाव में मछली लेकर हसदेव नदी पार कर रहा था। इस दौरान बीच में आंधी-तूफान की वजह से नाव पलट गई। दोनों दोस्त तैरकर बाहर निकलने का प्रयास करने लगे। रास्ते में कृपाल राम की सांस फूलने लगी।

जिस पर उसके दोस्त ने उसे बचाने का काफी प्रयास किया लेकिन कृपाल राम तैर नहीं पाया और उसकी नदी में डूबने से मौत हो गई। दूसरे युवक ने नदी से बाहर निकलने के बाद पुलिस को घटनाक्रम की जानकारी दी, जिसके बाद बालको पुलिस मामले की जांच कर रही है।

* **कोरबा।** नगर निगम क्षेत्र के सुभाष चौक से घंटाघर चौक के बीच बने डिवाइडर पर लोगों की सुरक्षा के लिए रेलिंग लगाई गई है। लेकिन रेलिंग जर्जर हो चुकी है, कई जगह से रेलिंग टूट गई है। डिवाइडर के भी रॉड नजर आने लगे हैं। लोग जल्दी पहुंचने चक्कर में टूटे हुए जगह से सडक़ पार कर आवाजाही कर रहे हैं।

जाँजगीर मार्केट
गुप्त रोग
नामर्दी, शीघ्रपतन, स्वप्नदोष, धातु पतला, पेशाब के साथ धातु का गिरना, जलन छोटापन, टेढ़ापन, सिपलिस, गनौरिया, चर्मरोग, इत्यादि सभी प्रकार के गुप्त रोग का इलाज किया जाता है। बिना आपरेशन अण्डकोष, बवासीर एवं भगंदर का गारंटी इलाज।
नि:संतान दंपत्ति अवश्य मिले
मां दुर्गा क्लीनिक
डॉ. ए.के. विश्वास
स्टेशन रोड पी.डब्ल्यू.डी. ऑफिस के सामने गट्टानी लोहा बाड़ा के बगल, चाम्पा
मो.- 8269419396, 8670074465

# महिला की हत्या के मामले में संदेही आरक्षक के खिलाफ मामला दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

दो दिनों पूर्व एक 38 वर्षीय महिला की जंगल में लाश मिली थी। इस मामले में पुलिस ने संदेही एक आरक्षक व भांजे के खिलाफ नामजद धारा 302 के तहत अपराध पंजीबद्ध किया है। हालांकि आरक्षक हादसे का शिकार हो गया है तथा जीवन और मृत्यु के बीच झूल रहा है।

उल्लेखनीय है कि चैतमा चौकी क्षेत्र अंतर्गत आने वाले भंवर तालाब के घुनघुट्टीपारा के समीप 25 अप्रैल को एक 38 वर्षीय महिला की लाश मिली थी। जिसकी शिनाख्त बांकीमोगरा थाना क्षेत्र अंतर्गत शांतिनगर निवासी एसईसीएल कर्मी भोजराम रात्रे की पत्नी शकुंतला रात्रे के रूप में की गई थी। चैतमा चौकी प्रभारी चंद्रपाल खांडे ने जानकारी देते हुए बताया कि इस मामले में पुलिस ने संदेही बिलासपुर निवासी के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मुकेश सेकेण्ड बटालियन में आरक्षक के पद पर पदस्थ है। बताया जाता है कि 25 अप्रैल की रात लगभग 9 बजे वह अपने बलेनो वाहन क्रमांक सीजी 12 बीई 0329 में सवार होकर बिलासपुर की ओर जा रहा था कि वह लिमहा टोल प्लाजा के पहले हादसे का



**खास बातें**

- दो बार सड़क हादसे का शिकार हुआ आरक्षक, बिलासपुर के निजी अस्पताल में झूल रहा है जिंदगी और मौत के बीच
- चैतमा चौकी क्षेत्र के भंवर तालाब के पास मिली थी लाश

शिकार हो गया था जिसके बाद उसे स्थानीय अस्पताल में दाखिल कराया गया था और अस्पताल से छूटने के बाद वह फिर से अगले दिन वह आत्महत्या की नीयत से किसी वाहन के सामने आ गया था जिसे गंभीरावस्था में वेंटीलेटर में रखा गया है। चैतमा चौकी पुलिस की टीम मामले में मुकेश कुर्रे का बयान लेने पहुंची थी लेकिन वेंटीलेटर में होने की वजह से उसका बयान कलमबद्ध नहीं हो पाया है।

हालांकि पुलिस ने मुकेश कुर्रे के खिलाफ संदेही के रुप में नामजद अपराध दर्ज किया है। बताया जाता है कि मुकेश भी शादीशुदा है। पुलिसिया जांच के बाद ही मामले से पर्दा उठ सकेगा कि इस पूरे मामले का भेद क्या है।

### एसईसीएल के आवास में मिली लाश

**कोरबा।** कुसमुंडा थाना क्षेत्र अंतर्गत विकास नगर कॉलोनी के क्वाटर नंबर एम-449 के सामने से रविवार की सुबह तेज बदबू आने लगी, घर के सामने का दरवाजा हल्का सा खुला हुआ था, पड़ोसियों ने झांक कर देखा तो एक व्यक्ति जमीन पर पड़ा हुआ था, जिसका शरीर फुल चुका था, लोगों ने तत्काल कुसमुंडा पुलिस को इसकी सूचना दी। जानकारी के अनुसार मृतक का नाम रेशम बढ़ाई बताया जा रहा है, जो एसईसीएल महिला कर्मी रामेश्वरी का भाई था, रामेश्वरी की मौत भी तकरीबन 4-5 वर्ष पहले हो चुकी थी।

**न्यायालय तहसीलदार जैजैपुर**
**जिला - सक्ती (छ.ग.)**
**// ईश्तहार //**

रा.प्र.क्र. /अ-2/2023-24
साकिन- जैजैपुर, तहसील जैजैपुर

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदिका झंकेश्वरी उर्फ मीना चंद्रा पति श्री बलराम जाति चंद्रनाहू साकिन जैजैपुर तहसील जैजैपुर जिला सक्ती छ.ग. के द्वारा उनके नाम पर ग्राम जैजैपुर प.ह.नं. 04 रा.नि.मं. व तहसील जैजैपुर में स्थित भूमि खसरा नंबर 4533 रकबा 0.2830 हे. में से 0.0770 हे. भूमिं का व्यवसायिक प्रयोजन (पेट्रोल पंप) हेतु व्यपवर्तन कराने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।

अत: इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो इस न्यायालय की पेशी दिनांक 08/05/2024 के पूर्व अपनी दावा/ आपत्ति स्वयं अथवा किसी अधिवक्ता के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते है, निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त दावा/ आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

अत: दिनांक 22.04.2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के सील मोहर लगाकर जारी किया गया।

**तहसीलदार**
**जैजैपुर**

**न्यायालय तहसीलदार जैजैपुर**
**जिला - सक्ती (छ.ग.)**
**// ईश्तहार //**

रा.प्र.क्र. /अ-2/2023-24
साकिन- जैजैपुर, तहसील जैजैपुर

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदिका सुशीला बाई चंद्रा पति श्री राजेन्द्र चंद्रा वगै. जाति चंद्रनाहू साकिन भोथाडीह तहसील जैजैपुर जिला सक्ती छ.ग. के द्वारा उनके नाम पर ग्राम जैजैपुर प.ह.नं. 04 रा.नि.मं. व तहसील जैजैपुर में स्थित भूमि खसरा नंबर 5807/9 रकबा 0.0280 हे. भूमि का व्यवसायिक प्रयोजन हेतु व्यपवर्तन कराने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।

अत: इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो इस न्यायालय की पेशी दिनांक 8/5/2024 के पूर्व अपनी दावा/ आपत्ति स्वयं अथवा किसी अधिवक्ता के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते है, निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त दावा/ आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

अत: दिनांक 22.04.2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के सील मोहर लगाकर जारी किया गया।

**तहसीलदार**
**जैजैपुर**

TOP IN JANJGIR

जिले में 55 बिस्तरों का राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
डॉ. प्रदीप जैन — जिले के प्रथम एवं एकमात्र यूरोलॉजिस्ट
M.B.B.S, M.S, MCh Urology (Mumbai) Urologist, Andrologist & Renal Transplant Surgeon
यूरोलॉजी विभाग (मूत्र एवं किडनी रोग)
• किडनी, मूत्रनली एवं पेशाब के थैली में पथरी (PCNL, URSL, SPCL, PCCL, RIRS)
• गुर्दा एवं पेशाब की थैली का कैंसर, प्रोस्टेट का बढ़ जाना (TURP),
• पेशाब का बार बार आना व कन्ट्रोल न होना, • पेशाब में खून व मवाद आना व जलन होना,
• पेशाब में रूकावट व जलन, • महिलाओं में खांसने व छींकने से पेशाब लिक होना,
• किडनी रोग का सम्पूर्ण ईलाज, • पेशाब की नली में सिकुड़न व पतली धार होना,
• पुरुष नपुंसकता व बाँझपन, ए.वी. फिस्टुला ऑपरेशन (डायलिसिस हेतु)
• अत्याधुनिक दूरबीन, लेजर से पथरी व प्रोस्टेट का ऑपरेशन (बिना चिर फाड़ के)
• कैंसर (गुर्दा, प्रोस्टेट, पेशाब की थैली व टेस्टिस के कैंसर का ऑपरेशन,
सुविधाएं: सोनोग्राफी, एक्स-रे, सी-आर्म, पैथोलैब, फार्मेसी, एम्बुलेंस सुविधाए; दूरबीन पद्धति से मूत्ररोग के सभी बिमारियों का ईलाज एवं ऑपरेशन; सी.एस.ई.बी. कर्मचारियों व अन्य इंश्योरेंस कंपनियों से कैशलेस सुविधा उपलब्ध
पता:- पोस्ट ऑफिस के सामने, अकलतरा रोड, बलौदा, जिला- जांजगीर चाम्पा (छ.ग.) पंजीयन हेतु न. 07817-296002, 8226056005, इमरजेंसी 7999640661

जिले में 55 बिस्तरों का राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
डॉ. दिलीप जैन — M.B.B.S, D.N.B, I.D.P.C.C.M, बाल्य गहन एवं क्रिटिकल केयर स्पेशलिस्ट, बिलासपुर संभाग के प्रथम एवं एकमात्र बाल्य गहन चिकित्सा विशेषज्ञ
शिशु एवं बाल्यरोग विभाग
• न्यूमोनिया, पायोथोरेक्स, सेप्टिक शॉक, उल्टी दस्त के साथ बच्चे का सुस्त हो जाना,
• तेज बुखार के साथ झटका आना, ए. आर. डी. एस. बच्चे को लगातार झटके आना,
• पीलिया, जन्म के समय गन्दा पानी पीना व साँस न लेना, हाइपरटेंशन, लीवर फैलियर,
• डाइबिटिक कीटो एसिडोसिस, अस्थमा, बच्चों का बार बार बीमार पड़ना, इमरजेंसी सुविधाएं,
• गहन एवं गंभीर रूप से पीड़ित सभी बच्चों का इलाज हेतु एन.आई.सी.यु., पी.आई.सी.यू. की सुविधा,
• क्रिटिकल केयर विभाग, सभी तरह की आपातकालीन सुविधाएं,
• आकस्मिक दुर्घटना, सर की चोंट, जहर खुरानी, माइग्रेन का इलाज, बिच्छू एवं सर्प दंश का इलाज,
• हृदयघात, छाती में भारीपन / दबाव/ असुविधा या दर्द, गंभीर संक्रमण, साँस फूलना, मलेरिया डेंगू,
• तेज धड़कन, लकवा / पैरालिसिस, अचानक चक्कर आना, गंभीर संक्रमण आदि,
सुविधाएं: सोनोग्राफी, एक्स-रे, वेंटीलेटर; सी.एस.ई.बी. कर्मचारियों व अन्य इंश्योरेंस कंपनियों से कैशलेस सुविधा उपलब्ध
पता:- पोस्ट ऑफिस के सामने, अकलतरा रोड, बलौदा, जिला- जांजगीर चाम्पा (छ.ग.) पंजीयन हेतु न. 07817-296002, 8226056005, इमरजेंसी 7999640661


जिले में 55 बिस्तरों का राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
डॉ. सुमिता जैन — जिले की प्रथम एवं एकमात्र ऑर्थोडोंटिस्ट; B.D.S, M.D.S-Orthodontics & Dentofacial Orthopedics (GOLD MEDALIST), M.P.H, दन्त एवं मुख रोग विशेषज्ञ
दंत रोग विभाग
• दांतों से सम्बंधित सभी प्रकार के समस्याओं का इलाज
• दाँतों की नसों का ईलाज (Root Canal Treatment - RCT), दर्द रहित दांत निकालना,
• टेढ़े-मेढ़े व बाहर निकले दाँतों एवं जबड़ों का ईलाज (BRACES),
• हड्डी में फिक्स होने वाली बत्तीसी (IMPLANT), निकालने लगाने वाली बत्तीसी (DENTURES),
• आधुनिक मशीनों द्वारा दाँतों की सफाई, कृत्रिम दाँत लगाना, लेज़र द्वारा दाँतों में मसाला भरना,
• मुँह न खुलने व कम खुलने का ईलाज, मुँह के छालों का ईलाज (OSMF)
• दाँतों का एक्स-रे, दाँतों की ब्लीचिंग एवं क्लाइटनिंग,
• मुँह व दाँत सम्बंधित अन्य सभी बिमारियों का ईलाज, बच्चों के दंतरोगों का सम्पूर्ण ईलाज
सुविधाएं: एक्स-रे, पैथोलैब, फार्मेसी, आधुनिक सुविधाए; सी.एस.ई.बी. कर्मचारियों व अन्य इंश्योरेंस कंपनियों से कैशलेस सुविधा उपलब्ध
पता:- पोस्ट ऑफिस के सामने, अकलतरा रोड, बलौदा, जिला- जांजगीर चाम्पा (छ.ग.) पंजीयन हेतु न. 07817-296002, 8226056005, इमरजेंसी 7999640661

जिले में 55 बिस्तरों का राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग
• लेप्रोस्कोपी विधि द्वारा बच्चेदानी का ऑपरेशन, 24 घंटे नॉर्मल डिलीवरी और सीजीरियन डिलीवरी,
• बार बार गर्भपात होने का इलाज, बच्चेदानी की बंद ट्यूब को खोलना,
• बच्चेदानी की सफाई, मासिक सम्बन्धी बिमारियों का ईलाज,
• नसबंदी, युरिनरी समस्याएं, अनियंत्रित रक्त रिसाव, असमान्यतौर पर अचानक से रक्त का बहाव बढ़ जाना,
• बहुत ज्यादा पसीना आना, स्तन में गठान, गर्भावस्था की सम्पूर्ण जाँच,
• परिवार नियोजन सम्बन्धी सुविधाएँ, PCOD का ईलाज, सफ़ेद पानी (ल्यूकोरिया) का ईलाज,
• बच्चेदानी थैली, ओवरी के कैंसर व गठान का ईलाज,
• अन्य महिलाओं सम्बंधित बिमारियों का ईलाज एवं ऑपरेशन,
24/7 EMERGENCY SERVICES
सुविधाएं: सी.एस.ई.बी. कर्मचारियों व अन्य इंश्योरेंस कंपनियों से कैशलेस सुविधा उपलब्ध; सोनोग्राफी की सुविधा प्रसवपूर्व जाँच एवं परामर्श; सर्जिकल आई.सी.यू. फीमेल वार्ड, वातानुकूलित प्राइवेट एवं सेमी प्राइवेट रूम
पता:- पोस्ट ऑफिस के सामने, अकलतरा रोड, बलौदा, जिला- जांजगीर चाम्पा (छ.ग.) पंजीयन हेतु न. 07817-296002, 8226056005, इमरजेंसी 7999640661

जिले में 55 बिस्तरों का राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
जनरल सर्जरी, हड्डी रोग एवं ट्रॉमा विभाग
• पेट से सम्बंधित सारी बिमारियों का इलाज, आर्पेडेक्टमी, गैलब्लैडर ऑपरेशन, हाइड्रोसील, बवासीर (पाइल्स),
• फिस्टुला, फिसर, आंतो की रुकावट, हार्निया ऑपरेशन, आंत-गुदा सम्बंधी ऑपरेशन,
• आंतों का फटना, वर्सेक्टमी, पुरुष एवं महिला नसबंदी, हेमोरोइड सर्जरी, थायरॉइड सर्जरी,
• सरकम सीज़र (ख़तना), ब्रेस्ट (स्तन) कैंसर, पेट एवं मुँह के कैंसर रोग सर्जरी, पित्त की थैली (गॉलब्लेडर) की
• पथरी का ऑपरेशन, बच्चों के समस्त ऑपरेशन
• एक्सीडेंटल व ट्रॉमा का ईलाज, घुटने और कूल्हे की सर्जरी व प्रत्यारोपण,
• हड्डी टूटने के सर्जरी, पैर और पैर की उँगलियों की सर्जरी, सल्य विधि से स्कोलियोसिस का सर्जरी,
• शोल्डर और बाजु की सर्जरी, कमर दर्द एवं साइटिका, ऑर्थराइटिस,
• गठिया, हड्डी रोग का सम्पूर्ण ईलाज, बच्चों के समस्त हड्डी रोग का इलाज,
सुविधाएं: मॉडुलर ऑपरेशन थियेटर, सर्जिकल आई.सी.यू., आई.सी.यू., मेल- फीमेल वार्ड, वातानुकूलित प्राइवेट एवं सेमी प्राइवेट रुम आदि; 15 किलोमीटर तक एम्बुलेंस सुविधा मुफ्त भर्ती मरीज हेतु; सी.एस.ई.बी. कर्मचारियों व अन्य इंश्योरेंस कंपनियों से कैशलेस सुविधा; सोनोग्राफी, एक्स-रे, सी- आर्म, पैथोलैब, फार्मेसी, ई.सी.जी. ई. ई.जी. इस्पाइरोमेट्री एम्बुलेंस सुविधाएँ.
पता:- पोस्ट ऑफिस के सामने, अकलतरा रोड, बलौदा, जिला- जांजगीर चाम्पा (छ.ग.) पंजीयन हेतु न. 07817-296002, 8226056005, इमरजेंसी 7999640661

29- APR-Jash-CORIYA-RAGH-JANJ-Bhoomi pg-3_Layout 1 4/29/2024 8:13 PM Page 1






# दीपक की फिल्म टिप्सी का ट्रेलर रिलीज...

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता-फिल्मकार दीपक तिजोरी की आने वाली फिल्म टिप्सी का ट्रेलर रिलीज हो गया है। फिल्म का निर्माण राजू चड्ढा और दीपक तिजोरी ने किया है। टिप्सी का निर्देशन दीपक तिजोरी ने किया है। सना खान और अनीता शर्मा फिल्म की सह-निर्माता हैं। टिप्सी का ट्रेलर रिलीज हो गया है। ट्रेलर की शुरुआत गोवा जैसे खूबसूरत शहर से होती है। जहां पांच लड़कियों का एक ग्रुप घूमने जाता है, लेकिन इन लड़कियों के लिए ये गोवा का ट्रिप आफत बन जाएगा। इसके बारे में नहीं पता था। गर्ल्स का ये ट्रिप उन्हें जेल की हवा खाने पर मजबूर कर देता है। ट्रेलर में दीपक तिजोरी की भी दमदार एंट्री देखने को मिलती है।

## लाइफ Style


# मनीषा

## 'हीरामंडी' में दिखाएंगी बागी अवतार

एजेंसी ▶▶ मुंबई

सुभाष घई की फिल्म 'सौदागर' से अपने बॉलीवुड करियर की शुरुआत करने वाली मनीषा कोइराला इन दिनों खूब चर्चा में हैं। उनका सुर्खियों में होना भी वाजिब है, क्योंकि संजय लीला भंसाली के करियर की पहली वेब सीरीज 'हीरामंडी' में वह बेहद अहम भूमिका निभा रही हैं।

खास बात यह है कि भंसाली, मनीषा के पसंदीदा निर्देशक रहे हैं। हाल ही में उन्होंने निर्देशक के साथ-साथ इस सीरीज में अपने किरदार पर बात की। 'हीरामंडी' में मनीषा सबसे वरिष्ठ अभिनेत्री हैं। अपने बागी किरदार 'मल्लिका जान' पर मनीषा ने कहा, मैंने ऐसा किरदार पहले कभी नहीं किया और मुझे मालूम नहीं था कि मैं कैसे करूंगी, लेकिन इतना मालूम था कि मैं जान दे दूंगी, जान लगा दूंगी और जो भी संजय हमसे करवाना चाहते थे, वह एकदम पूरे समर्पण के साथ करूंगी। ये बहुत, बहुत, बहुत ही नया किरदार है मेरे लिए। मनीषा के मुताबिक, 'हीरामंडी' में बहुत सी कहानियां हैं। इसमें कई सीजन तक आगे जाने की सामग्री है। इस सीरीज में ऋचा चड्ढा, अदिति राव हैदरी, सोनाक्षी सिन्हा, संजीदा शेख और शरमीन सहगल भी अहम भूमिका में हैं। 'हीरामंडी' को भंसाली ने हिंदी सिनेमा की कालजयी फिल्म 'मुगल-ए-आजम' की तर्ज पर बनाया है। इसके हर फ्रेम में कला का काम है। यह सीरीज 1 मई को नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम होगी। मनीषा ने भंसाली संग पहली बार '1942: ए लव स्टोरी' में काम किया था। भंसाली इस फिल्म के सहायक निर्देशक थे। जब मनीषा से भंसाली के बारे में पूछा गया तो उन्होंने कहा, बतौर निर्देशक उनमें जबरदस्त बदलाव आए हैं।




## हॉलीवुड मसाला

# जीता पत्नी से तलाक मुकदमा




**लॉस एंजिलस।** हॉलीवुड स्टार जॉनी डेप ने इंग्लैंड के बर्मिंघम में अपने दोस्तों के साथ एक खास सेलिब्रेशन किया। डिनर पर 62,000 डॉलर या 48.22 लाख रुपये खर्च किए। डेप ने रेस्तरां में इंडियन फूड, कॉकटेल और शैंपेन की दावत दी। अभिनेता ने बुधवार को एक बड़ी जीत हासिल की, जब उन्हें 36 साल की एक्स वाइफ एम्बर हर्ड के खिलाफ मानहानि के मुकदमे में 10.35 मिलियन डॉलर का फैसला सुनाया गया। पार्टी में जॉनी डेप अपने म्यूजीशियन दोस्त और साथी जेफ बेक सहित 20 अन्य शामिल हुए।




# जेनिफर व बेन ने 20 साल बाद फिर की सगाई

**लॉस एंजिलस।** हॉलीवुड अभिनेत्री और सिंगर जेनिफर लोपेज और अभिनेता बेन एफ्लेक ने सगाई कर ली है। सिंगर ने अपनी ऑफिशियल वेबसाइट पर पुष्टि की है कि वह बेन से सगाई टूटने के लगभग 18 साल बाद 2021 में एक-दूसरे के करीब आने के बाद अब शादी के बंधन में बंधने की योजना बना रही हैं। जेनिफर लोपेज और 49 साल के बेन एफ्लेक ने पहली बार फिल्म 'गिगली' में काम करने के बाद डेटिंग शुरू की थी। करीब 52 साल की रोपेज ने सबसे पहले अपने फेसबुक और इंस्टाग्राम पेज पर यह घोषणा की, जिसके बाद उन्होंने अपने करीबी लोगों के साथ इससे जुड़ा एक ईमेल साझा किया। लोपेज की वेबसाइट पर प्रशंसकों के लिए साझा किए गए संदेश में सिंगर की एक क्लिप शामिल थी, जिसमें सगाई की हीरे की अंगूठी की तारीफ की गई थी।



# 'तेरा चेहरा' पर बनाई आम्रपाली ने रील

**मुंबई।** भोजपुरी स्टार आम्रपाली दुबे ने म्यूजिक कंपोजर अदनान सामी के गाने 'तेरा चेहरा' पर रील बनाई और इसे शेयर करते हुए गाने के प्रति अपनी दीवानगी को साझा किया। आम्रपाली ने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो पोस्ट किया, जिसमें वह एक्ट्रेस रानी मुखर्जी पर फिल्माए गए गाने 'तेरा चेहरा' पर लिप-सिंक करती नजर आ रही हैं। आम्रपाली जल्द ही प्रदीप पांडे और संचिता बनर्जी स्टारर अपकमिंग फिल्म 'कभी खुशी कभी गम' में दिखाई देंगी. फिल्म का निर्देशन प्रेमांशु सिंह ने किया है। आम्रपाली ने अपने एक्टिंग करियर की शुरुआत 2008 में शो 'सात फेरेः सलोनी का सफर' से की थी। भोजपुरी सिनेमा में उनकी एंट्री 2014 की फिल्म 'निरहुआ हिंदुस्तानी' से हुई. तब से, वह 'निरहुआ हिंदुस्तानी 2 और 3', 'बॉर्डर', 'निरहुआ चलल लंदन' और 'शेर सिंह' में नजर आ चुकी हैं।



# 'खेल- खेल में' की रिलीज डेट जारी

अक्षय कुमार आने वाले दिनों में कई बड़ी फिल्मों में अपनी मौजूदगी दर्ज कराएंगे। 'खेल खेल में' उनकी आने वाली चर्चित फिल्मों में शुमार है। इस फिल्म से जुड़ीं कई जानकारियां सामने आई थीं, लेकिन रिलीज तारीख तय नहीं हुई थी। अब फिल्म की रिलीज को लेकर आधिकारिक घोषणा हो गई है। अक्षय इस फिल्म में तापसी पन्नू और वाणी कपूर के साथ नजर आएंगे। आइए जानते हैं पर्दे पर कब आएगी 'खेल खेल में'। यह फिल्म 6 सितंबर, 2024 को सिनेमाघरों का रुख करेगी। इसका पहला पोस्टर भी सामने आ गया है। यह फिल्म भूषण कुमार के प्रोडक्शन हाउस टी-सीरीज के बैनर तले बन रही है, जो कॉमेडी, ड्रामा और इमोशंस से भरपूर होगी। मुदस्सर अजीज ने इस फिल्म का निर्देशन किया है।

## टीवी मसाला

# दीपा को मिला खास शो, 'अटल' में निभा रहीं सुशीला बुआ का किरदार

**नई दिल्ली।** शो 'अटल' में सुशीला बुआ को चालाक और शातिर महिला के रूप में दिखाया जाएगा जो लोग उनका फेवर करते हैं, उनके लिए वह बहुत अच्छी हैं, लेकिन जो उनके काम के नहीं हैं, उनके लिए वह बेहद क्रूर हैं। अपने किरदार पर चर्चा करते हुए, दीपा ने कहा, 'सुशीला बुआ के चरित्र को बताने के लिए विधवा, कर्मकांडी, शातिर और लालची सबसे अच्छे शब्द हैं। उनके अनुसार, किसी व्यक्ति का स्वार्थ और लालच यह तय करते हैं कि आप उन्हें पसंद करते हैं या नहीं। उनका किरदार वाजपेयी के घर में, खास तौर से अटल (व्योम ठक्कर) और कृष्णा देवी (नेहा जोशी) के लिए चुनौतीपूर्ण स्थिति पैदा करेगा। यह कहानी में एक नया ट्विस्ट और ड्रामा लाएगा। शो में सुशीला बुआ की एंट्री 29 अप्रैल को प्रसारित हुए एपिसोड में हुई। दीपा ने कहा, 'नीति का पढ़ाई को समर्थन और अटल के रुख के खिलाफ सुदर्शन त्रिपाठी, नीति के दोस्तों के पैरेंट्स को उकसाता है और वे आकर अटल के खिलाफ नारे लगाने लगते हैं, जिससे कृष्णा देवी आहत हो गईं। सुशीला बुआ अगली सुबह वाजपेयी के घर पहुंचती हैं और जबरदस्ती इज्जत पाने की अपेक्षा करती हैं और कृष्णा देवी से अपने पैर धोने के लिए कहती हैं। एक्ट्रेस ने कहा, 'वह यह भी मांग करती हैं कि कृष्णा देवी और कृष्ण बिहारी वाजपेयी अवध और सरस्वती को घर वापस लाएं और वह उनके लौटने के बाद ही घर में प्रवेश करेंगी।



## अन्नपूर्णा को मिला दिलचस्प रोल

**नई दिल्ली।** अन्नपूर्णा भैरी एक अच्छी एक्ट्रेस हैं. उन्हें अब दर्शक टीवी शो 'चाहेंगे तुम्हें इतना' में 'दादी' का किरदार निभाते हुए देखेंगे। शो में अन्नपूर्णा, अमित की मां और अमृता की सास के किरदार में हैं। एक्ट्रेस ने अपने किरदार को लेकर उत्साह व्यक्त किया और बताया कि यह उनके वास्तविक जीवन के व्यक्तित्व के बिल्कुल विपरीत है। एक्ट्रेस ने कहा, 'चाहेंगे तुम्हें इतना' में मेरा किरदार गिरिजा देवी का है, जो एक ऐसी महिला है जिसने प्रभुत्व के कौशल में महारत हासिल की है। वह बहुत पुराने विचारों वाली हैं और चाहती हैं कि पूरा परिवार उन नियमों का पालन करें, जिनमें वह विश्वास करती हैं। अन्नपूर्णा ने आगे कहा, 'असल जिंदगी में मैं बिल्कुल अलग हूं. ऑफ-स्क्रीन मेरा स्वभाव बहुत नरम है और मुझे किसी पर हावी होना पसंद नहीं है। यह भूमिका मेरे साथ-साथ दर्शकों के लिए भी एक रोलर कोस्टर राइड होगी। जैसे-जैसे 'चाहेंगे तुम्हें इतना' में सिद्धार्थ और आशी की शादी की कहानी आगे बढ़ेगी, दादी एक अहम मोड़ लाएगी।



# जब डांस फ्लोर नाचते हुए रोमांटिक हुए एवरग्रीन हेमा-धर्मेंद्र



**मुंबई।** बॉलीवुड की एवरग्रीन जोड़ी एक्ट्रेस हेमा मालिनी और धर्मेंद्र एक बार फिर अपने रोमांटिक अंदाज को लेकर सुर्खियों में हैं। वयोवृद्ध अभिनेता धर्मेंद्र और हेमामालिनी की जोड़ी दर्शकों द्वारा खूब पंसद की गई। यही वजह थी कि हेमा मालिनी और धर्मेंद्र पर्दे पर दो दर्जन से अधिक फिल्मों में रिपीट की गई। हेमामालिनी-धर्मेंद्र की जोड़ी पर्दे पर ही नहीं, रियल जिंदगी में भी सुपर हिट है। साथ-साथ काम करते-करते दोनों को प्यार हुआ और सभी बंधनों को तोड़ दोनों शादी कर ली जबकि धर्मेंद्र पहले से शादीशुदा थे।

***ड्रीम गर्ल के गाने पर किया रोमांटिक डांस :*** अक्सर पार्टीज में साथ-साथ नजर आने वाले धर्मेंद्र और हेमा मालिनी की जोड़ी का हाल में एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है, जिसमें हीमैन धर्मेंद्र अपनी ड्रीम गर्ल के साथ रोमांस करते हुए नजर आ रहे हैं। खास बात ये है कि बैकग्राउंड में ड्रीम गर्ल वाला गाना ही प्ले हो रहा है।

***वीडियो इंडियाज गॉट टैलेंट के तीसरे सीजन का :*** धर्मेंद्र-हेमामालिनी का डांस वीडियो रियलिटी शो इंडियाज गॉट टैलेंट के तीसरे सीजन का है। जिसमें धर्मेंद्र और उनकी पत्नी हेमा मालिनी गेस्ट के तौर पर आए हैं। उनके साथ उनकी बेटी ईशा देओल भी हैं. शो की कंटेस्टेंट हेमा और धर्मेंद्र से डांस की रिक्वेस्ट करती है, तो दोनों स्टेज पर आते हैं। फिर जो कुछ होता है, वह लोगों को रुमानी बनाने के लिए काफी है।

# फिल्म इंडस्ट्री को लेकर परिणीति का बड़ा खुलासा

*__मुंबई।__ बॉलीवुड अभिनेत्री परिणीति चोपड़ा का कहना है कि फिल्म इंडस्ट्री में नेपोटिज्म वास्तविक हो भी सकता है और नहीं भी, लेकिन यहां फेवरेटिज्म जरूर चलता है। परिणीति ने नेपोटिज्म और फेवरेटिज्म पर खुलकर बात की है। उन्होंने कहा कि लोग नेपोटिज्म की बात करते हैं, लेकिन उन लोगों पर और ज्यादा दबाव होता है जिसका कोई इंडस्ट्री में होता है। उनकी वजह से आपको पहला मौका मिल जाता है, लेकिन लोग स्टार का बच्चा सुपरस्टार की बहन कहते हैं। यदि आप काम अच्छा नहीं करेंगे तो दर्शक रिजेक्ट कर देंगे। उन्होंने कहा कि यदि मेरी बहन (प्रियंका चोपड़ा) उस दिन यशराज फिल्म्स में शूटिंग न कर रही होती, जिस दिन मैं वहां मार्केटिंग की नौकरी पाने के लिए गई थी, तो वह मुझे नहीं मिलती। मेरे घर से कोई एक्टर हैं, इसलिए मैं किसी फिल्म के सेट पर जा पाई, लेकिन बहन के स्टार होने से मुझे कोई फायदा नहीं हुआ, नहीं तो मेरी भी फिल्में चलती।*



## 2023 की 1 मूवी ने तोड़ा सबका रिकॉर्ड, लिस्ट में ऐसी मूवी भी है

# ओटीटी पर मौजूद हैं वो फिल्में, जिन्हें मिली है सबसे हाई रेटिंग

*__मुंबई।__ बहुत सारे लोग किसी भी फिल्म को देखने से पहले उसकी आईएमडीबी रेटिंग पता करते हैं। अगर रेटिंग अच्छी है, तभी वह फिल्मों को देखते हैं। ऐसे में हम आपको कुछ ऐसी फिल्मों के बारे में बताते हैं, जिन्हें आईएमडीबी पर 8 से ज्यादा रेटिंग मिली है। सभी एक से एक धांसू फिल्म हैं, जिनका लुत्फ आप अपने मोबाइल, टीवी या फिर लैपटॉप पर उठा सकते हैं। लिस्ट में ऐसी मूवी भी है, जिसकी रेटिंग सबसे ज्यादा यानी 10 में से 9 है।*




**सीता रामम :** दुलकर सलमान और मृणाल ठाकुर की ये मूवी साल 2022 में रिलीज हुई थी। 'सीता रामम' एक शानदार लव स्टोरी मूवी है, जिसे लोगों ने खूब पसंद दिया। आईएमडीबी पर फिल्म की रेटिंग 10 में से 8.5 है। इसे आप डिज्नी प्लस हॉटस्टार पर देख सकते हैं।

**12वीं फेल :** विक्रांत मैसी की ये मूवी साल 2023 में आई थी। यह आईपीएस मनोज कुमार शर्मा की बायोपिक है, जिसमें उनकी जिंदगी और संघर्ष की कहानी को बयां किया गया है। इस मूवी को 10 में से 9 रेटिंग मिली है। इसका लुत्फ आप डिज्नी प्लस हॉटस्टार पर उठा सकते हैं।




**एमएस धोनी- द अनटोल्ड स्टोरी :** सुशांत सिंह राजपूत की ये मूवी साल 2016 में आई थी। यह भारत के मशहूर क्रिकेटर महेंद्र सिंह धोनी की लाइफ पर बनी है। आईएमडीबी पर 8 रेटिंग के साथ यह फिल्म डिज्नी प्लस हॉटस्टार पर मौजूद है।






**छिछोरे :** स्टूडेंट लाइफ पर बनी ये फिल्म साल 2019 में आई थी। सुशांत सिंह राजपूत, श्रद्धा कपूर, वरुण शर्मा और अन्य कई सितारों ने फिल्म में काम किया था। 'छिछोरे' को आईएमडीबी पर 8.3 रेटिंग मिली थी। यह मूवी डिज्नी प्लस हॉटस्टार पर अवेलेबल है।



**बाहुबली 2 :** सुपरस्टार प्रभास की 'बाहुबली 2' फिल्म साल 2017 में रिलीज हुई थी। यह अब तक की सबसे धांसू इंडियन फिल्मों की लिस्ट में शुमार है। 'बाहुबली 2' की आईएमडीबी पर 10 में से 8.2 रेटिंग है। यह मूवी डिज्नी प्लस हॉटस्टार पर धड़ल्ले से स्ट्रीम हो रही है।

## खबर संक्षेप

### ज्ञानोदय विद्यालय जांजगीर का परीक्षा परिणाम आज

**जांजगीर-चांपा।** ज्ञानोदय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जांजगीर के शैक्षणिक सत्र 2023-24 के कक्षा नर्सरी से बारहवीं हिंदी एवं अंग्रेजी माध्यम का वार्षिक परीक्षा परिणाम 30 अप्रैल को सुबह 10 बजे विद्यालय प्रांगण में संस्था के प्राचार्य, शिक्षक-शिक्षिका, पालक एवं विद्यार्थियों की उपस्थिति में घोषित किया जायेगा। उक्ताशय की जानकारी विद्यालय के प्राचार्य डॉ. सुरेश यादव ने दी।

### श्री दक्षिण मुखी हनुमान मंदिर में 565 मनोकामना दीप हुए प्रज्जवलित

**जांजगीर-चांपा।** राम भक्त हनुमान के जन्मोत्सव के अवसर पर श्री दक्षिण मुखी हनुमान मंदिर रेस्ट



हाउस के सामने जांजगीर में दो दिवसीय संकट निवारण मनोकामना दीप दान महायज्ञ का आयोजन किया गया। पं किरण कुमार मिश्रा ने बताया कि इस वर्ष हनुमान चालिसा पाठ दीप दान 85, सुन्दर काण्ड पाठ दीप 140, संकट निवारण मनोकामना दीप दान 340 कुल 565 दीपदान हनुमत भक्तों ने प्रज्जवलित कराया। प्रसाद वितरण हनुमत जन्मोत्सव के प्रथम मंगलवार 30 अप्रैल से किया जाएगा। समस्त हनुमत भक्त हनुमान जी का दर्शन कर अपनी मनोकामना पूर्ण करें।

### स्वामी आत्मानंद विद्यालय में प्रवेश के लिए आवेदन 5 मई तक

**पामगढ़।** स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय पामगढ़ में शैक्षणिक सत्र 2024-25 हेतु कक्षा पहली में 50 सीटों में प्रवेश के लिए आवेदन प्रक्रिया 10 अप्रैल से प्रारंभ हो चुकी है। अभिभावकगण आवश्यक दस्तावेजों के साथ ऑनलाइन व ऑफलाइन दोनों माध्यम से प्रवेश के लिए आवेदन कर सकते हैं। आवेदन करने की अंतिम तिथि 5 मई निर्धारित है।

## निधन

### ब्यास नारायण कश्यप

**जांजगीर-चांपा।** हाऊसिंग बोर्ड कॉलोनी कचना रायपुर के प्रतिष्ठित नागरिक ब्यास नारायण कश्यप



का सोमवार 29 अप्रैल को निधन हो गया। वे अपने पीछे भरापूरा परिवार रोता बिलखता छोड़ गए हैं। उनका अंतिम संस्कार पैतृक ग्राम कनस्दा में किया गया। उनकी अंतिम यात्रा में परिजन एवं गणमान्य नागरिक बड़ी संख्या में शामिल हुए। वे श्रीमती रजनी कश्यप के पति और ललिता प्रसाद कश्यप के बेटे थे।

प्रशिक्षण में पहुंचे अधिकारियों ने दलों को अच्छे से मतदान करवाने किया प्रोत्साहित

# ट्रेनिंग पूरी, शांतिपूर्ण ढंग से निर्विघ्न और निष्पक्ष संपन्न कराएं मतदान

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

लोकसभा निर्वाचन के तहत सोमवार को विधानसभा क्षेत्र 33 अकलतरा के लिए जय भारत स्कूल जांजगीर एवं केन्द्रीय विद्यालय जांजगीर में आयोजित मतदान दलों के तृतीय चरण प्रशिक्षण कार्यक्रम में जिला स्तरीय अधिकारियों ने मतदान दलों के अधिकारियों-कर्मचारियों को अच्छे ढंग से सुचारू मतदान करवाने के लिए प्रोत्साहित किया।

अधिकारियों ने कहा कि सभी ने मतदान की पूरी ट्रेनिंग ली है सब आत्मविश्वास से भरपूर हैं। अब सभी मिलकर शांतिपूर्ण ढंग से निर्विघ्न और निष्पक्ष मतदान सम्पन्न करवाएंगे। मतदान दलों में शामिल अधिकारी-कर्मचारियों से रूबरू होकर कहा कि पोलिंग ड्यूटी के अनुरूप स्ट्रांग रूम में निर्धारित दिवस एवं समय पर उपस्थित



मतदान दलों को जानकारी देते अधिकारी।

होकर ईव्हीएम तथा मतदान सामग्री प्राप्त कर रवाना होंगे। वहीं मतदान दिवस पर सुबह जल्दी तैयार होकर माकपोल की प्रक्रिया संपादित करने के पश्चात निर्धारित समय पर मतदान शुरू करेंगे। मतदान दल के सभी सदस्य मतदान के बाद प्रक्रिया पूरी कर समय पर वापस आएंगे और ईव्हीएम तथा अन्य मतदान सामग्री को मिलान के बाद स्ट्रांग रूम में जमा करवाएंगे। इसके साथ ही प्रशिक्षण में उपस्थित प्रशिक्षार्थियों को मतदान हेतु शपथ भी दिलाया गया।

### मतदान दलों के तृतीय चरण प्रशिक्षण 2 मई तक

लोकसभा निर्वाचन 2024 के तहत मतदान दलों के तृतीय चरण प्रशिक्षण विधानसभा 33 अकलतरा क्षेत्र के लिए 30 अप्रैल को जय भारत अंग्रेजी माध्यम विद्यालय जांजगीर, विधानसभा 34 जांजगीर-चांपा के लिए जय भारत अंग्रेजी माध्यम विद्यालय जांजगीर, केन्द्रीय विद्यालय जांजगीर में, 01 मई को 34 विधानसभा जांजगीर-चांपा के लिए जय भारत अंग्रेजी माध्यम विद्यालय जांजगीर, 35 सक्ती विधानसभा क्षेत्र (आंशिक) के लिए जय भारत अंग्रेजी माध्यम विद्यालय जांजगीर, केन्द्रीय विद्यालय जांजगीर, 37 जैजैपुर विधानसभा क्षेत्र (आंशिक) के लिए केन्द्रीय विद्यालय जांजगीर, विधानसभा क्षेत्र 38 पामगढ़ के केन्द्रीय विद्यालय जांजगीर एवं 2 मई को जय भारत अंग्रेजी माध्यम विद्यालय जांजगीर, केन्द्रीय विद्यालय जांजगीर प्रातः 9 बजे से प्रशिक्षण आयोजित किया गया है।

# मतदाताओं को जागरुक करने चलाया गया हस्ताक्षर अभियान

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा



सुव्यवस्थित मतदाता शिक्षा एवं निर्वाचन सहभागिता (स्वीप)" कार्यक्रम के अंतर्गत मतदाताओं में मतदान के प्रति जागरूकता लाने

- बताए गए मतदान हमारा अधिकार ही नहीं कर्तव्य भी

तथा स्वीप कार्ययोजना के तहत मतदाता जागरूकता हेतु महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा जिला स्तर एवं परियोजना स्तर पर हस्ताक्षर अभियान कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

जिला कार्यक्रम अधिकारी श्रीमती अनिता अग्रवाल ने बताया कि कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य मतदाताओं को मतदान के प्रति जागरूक करना, मतदान के महत्व को बताना एवं मतदान के लिये लोगों को प्रेरित करना है। हस्ताक्षर अभियान के माध्यम से उपस्थित नागरिकों को यह भी बताया गया की प्रत्येक मतदाताओं को अपने मताधिकार का आवश्यक रूप में उपयोग करना चाहिए। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को मताधिकार के महत्व को बताया गया की भारत एक लोकतांत्रिक देश है तथा देश की लोकतांत्रिक व्यवस्था को बनाये रखने के लिये मतदान अवश्य करें क्योंकि मतदान हमारा अधिकार ही नहीं बल्कि कर्तव्य भी है। इस कार्यक्रम के दौरान जिला स्तर पर जिला कार्यालय, जिला बाल संरक्षण इकाई, नवा बिहान एवं सखी वन स्टाफ सेन्टर से समस्त कर्मचारी व परियोजना स्तर पर समस्त परियोजना अधिकारी, पर्यवेक्षक, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिका उपस्थित रहे।

## 36 वर्ष तक सेवा देने पर संकुल प्राचार्य का सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭ पामगढ़

संकुल प्राचार्य कुटीघाट एस आर देवांगन 30 अप्रैल को शासकीय दायित्व से निवृत्त हो रहे है। उनके 36 वर्षो की सेवा सम्मानपूर्वक पूर्ण करने के उपलक्ष्य में संकुल के सभी शिक्षको द्वारा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया।



कार्यक्रम में पामगढ़ विकास खण्ड शिक्षा अधिकारी एम एल कौशिक, सहायक विकास खण्ड शिक्षा अधिकारी जे आर सारथी एवं संकुल के सभी शिक्षक शामिल हुए। विकास खण्ड शिक्षा अधिकारी द्वारा श्री देवांगन का साल, श्रीफल से सहायक विकास खण्ड शिक्षा अधिकारी द्वारा डायरी, पेन से एवं संकुल के शिक्षकों की ओर से साल, श्रीफल, पेंट,शर्ट, डायरी,पेन, श्रीरामचरित मानस, श्रीमद् भगवदगीता ,श्री सुंदरकांड,श्री हनुमान चालीसा भेंट कर सम्मानित किया गया। बीईओ श्री कौशिक, सहायक बीईओ एवं संकुल के शिक्षकों द्वारा देवांगन के द्वारा शिक्षा के क्षेत्र में योगदान, शाला को श्रेष्ठ बनाने में भूमिका, उनके सहज एवं सरल स्वभाव की चर्चा करके उनके द्वारा बताए गए मार्ग का अनुसरण करके अपने शाला को बेहतर बनाने की शपथ लिये। इस अवसर पर आर के नौरंगे, मधुसूदन शर्मा ,दीपेन्द्र पाण्डेय, हेमराज सिंह, बृजभूषण श्रोवाणी, अजय मरावी, महेश्वर दुबे ,निर्मल कुमार खूंटे, रविंद्र सूर्यवंशी, श्यामू कैवर्त्य ,राकेश पांडेय,अंजनी कुमार पांडेय ,जयकांत साहू, कुंडेश्वरी कश्यप, अनीता पांडे, अंकित कौशिक, प्रीति धीरेंद्र अभिलाष सिंह ,ज्योति पांडे दीपिका सिंह उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन मधुसूदन शर्मा शैक्षिक समन्वयक द्वारा किया गया।

## बैठक में नहीं बना तालमेल, जिला देवांगन कल्याण समाज की कार्यकारिणी भंग

**सक्ती।** जिला देवांगन कल्याण समाज की बैठक स्थानीय संस्कार भवन में आहूत की गई। जिला देवांगन कल्याण समाज जिला सक्ती का गठन 15 सितम्बर 2023 को हुआ था। गठन के पश्चात अभी तक अध्यक्ष गोविन्द देवांगन के द्वारा एक भी मीटिंग नहीं कराया गया था। इस परिपेक्ष्य में बैठक क 20 अप्रैल शनिवार को 11 बजे संस्कार भवन में रखी गई। मीटिंग में पदाधिकारियों के बीच आपसी तालमेल नहीं बन पाया। स्थिति बिगड़ते देख उपस्थित पदाधिकारियों एवं सदस्ययों ने



जिला देवांगन कल्याण समाज को भंग करने का प्रस्ताव किया जो निर्णय के रूप में पारित हुआ। इस निर्णय के साथ अध्यक्ष द्वारा मनोनित समस्त पद स्वतः भंग हो गया । अब नये सिरे से प्रदेश देवांगन कल्याण समाज के पदाधिकारियों के आदेशानुसार जिला देवांगन कल्याण समाज जिला सक्ती का गठन किया जावेगा। प्रदेश सलाहकार लोमश देवांगन, प्रदेश कार्यकारिणी महेन्द्र देवांगन, जिला संरक्षक रोशन देवांगन के द्वारा बैठक में पारित हुए निर्णय की कॉपी को प्रदेश देवांगन कल्याण समाज छत्तीसगढ़ के अध्यक्ष प्रदीप देवांगन एवं महासचिव परस देवांगन को भेजा गया ।

online Booking:-www.tripuryatra.com
सबसे कम राशि पर
स्लीपर मात्र 18,500/-
चार धाम यात्रा
श्री केदार नाथ, श्री बद्रीनाथ, श्री गंगोत्री, श्री यमुनोत्री, श्री हरिद्वार, श्री ऋषिकेश
By Train-रिजर्वेशन कोच
20 मई से 02 जून 2024, 24 मई से 06 जून 2024, 26 मई से 08 जून 2024, 29 मई से 11 जून 2024 05 जून से 18 जून 2024
राशिः-स्लीपर-18500/-, 3 एसी- 27,500/-, 2 एसी- 32,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411

गौरव हॉस्पिटल
अपने लोगो को किफायती दरों पर, पूरी ईमानदारी के साथ, विश्वस्तरीय चिकित्सा सुविधा देने का एक सपना जो वैसे तो आज अपनी नई बिल्डिंग का फर्स्ट ईयर सेलिब्रेट कर रहा है मगर आपकी सेवा में 10 साल बिता चुका है आप सभी का बहुत बहुत धन्यवाद
WHAT YOU LOVE
Passion
Mission
WHAT YOU ARE GOOD AT
WHAT THE WORLD NEEDS
Profession
Vocation
WHAT YOU CAN BE PAID FOR
दिल से 10
10 वर्षों की सफलता
डॉ. शिफा असलम
एम.एस. (ऑफ्थेलमोलॉजी)
फेको, फेलो शंकर नेत्रालय, चेन्नई
सीनियर सर्जन,
साधुराम आई हॉस्पिटल, हैदराबाद
डॉ. असलम आरिफ
एम.डी., डी.एन.बी. (कार्डियोलॉजी),
एफएससीएआई, एफईएससी,
पूर्व सीनियर हृदयरोग सलाहकार,
मेडीसीटी हॉस्पिटल, हैदराबाद,
(हृदय रोग विशेषज्ञ)
Gaurav Hospital
ईमानदार कोशिश... हमेशा!
गौरव सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल के QR कोड को स्कैन करिये एवं स्वस्थ सम्बन्धी सभी जानकारी पायें।
62 63 13 14 90
AdPRAYAS
स्थान: होली क्रॉस स्कूल के सामने, मंगला चौक, बिलासपुर (छ.ग.)